# अतिक्रमण पर प्रशासन फिर हुआ सख्त

**खास बातें**

- अतिक्रमणकारी खुलेआम प्रशासन को दे रहे चुनौती
- शहर की सड़कों पर आये दिन लगता जाम




नवभारत न्यूज

**सिरोंज 8 नवम्बर, शहर में इन दिनों प्रशासन द्वारा अतिक्रमण पर एक बार फिर से सख्ती दिखाई जा रही है. प्रशासन द्वारा शहर में अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है. बीते दिनों विधायक ने भी शहर में फैल रहे अतिक्रमण पर चिंता जाहिर की थी. जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और शहर में नगरपालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई. इस दौरान प्रशासन द्वारा नया बस स्टैंड क्षेत्र से अतिक्रमण को हटाया गया.**

शहर के कई हिस्से इन दिनों भारी अतिक्रमण की चपेट में है. जिसके कारण आये दिन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. शहर में कई जगह दुकानदारों द्वारा दुकान का सामान सड़कों पर रखकर धड़ल्ले से व्यापार, व्यवसाय किया जा रहा है. जिससे मार्ग सकरा हो जाता है. जिसके कारण कई बार जाम की भी स्थिति बनती है. लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. जिसके कारण शहर में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद है. शहर के कई प्रमुख मार्गों पर इन दिनों सड़कों पर विक्रय के लिए बिल्डिंग मटेरियल, रेत, लोहे के सरिया जैसी सामग्री एवं अन्य सामग्री के ढेर लगे दिखाई देते हैं. कई बार रेत और गिट्टी के कारण वाहन भी फिसलने से लोगों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. बावजूद इसके सड़क पर सामग्री रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती है. जिसके कारण लोग परेशान होते हैं.

## सड़कों पर कई फिट तक अतिक्रमण

शहर की कई प्रमुख सड़कों पर दुकानदारों द्वारा कई फीट तक अतिक्रमण कर रखा है. लिंक रोड, बासौदा नाका, बस स्टैंड, छत्री नाका, मुख्य बाजार सहित शहर की कई प्रमुख सड़के अतिक्रमण की चपेट में है. जिसके कारण निकलने वाले लोग दिनभर परेशान होते हैं. कई जगह दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे कई फीट तक सड़क पर सामान रखकर व्यापार व्यवसाय किया जा रहा है. तो कई जगह लोगों ने गुमठी, ठेलों, अस्थाई दुकानों सहित कई तरह का अतिक्रमण कर रखा हैं.

### मार्ग सकरा होने से बनते हैं जाम के हालात

शहर में दुकानदारों द्वारा मार्गों पर दुकानों का सामान रखकर व्यापार व्यवसाय करने से मार्ग सकरा हो जाता है. जिससे कई बार जाम की स्थिति बनती है. मार्ग सकरा होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है. जिससे कई बार यातायात की समस्या उत्पन्न होती है. लेकिन इस ओर जिम्मेदारों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता है. जिसके कारण स्थिति दिन ब दिन बिगड़ती जा रही है. इसके अलावा खरीददारी करने वाले लोग सड़कों पर वाहन खड़े कर चले जाते हैं. जिसके कारण दिन में बार-बार जाम की स्थिति बनती है. यही वजह है कि इन मार्गों पर जनता दिनभर जाम से परेशान होती रहती है. जनता जाम से त्रस्त है, फिर भी जिम्मेदार मूकदर्शक बने दिखाई देते है. शहर में अतिक्रमण की हालत यह है कि शहर की 20 से 25 फिट चौड़ी सड़क पर भी अतिक्रमण के कारण आवागमन के लिए मात्र 10 से 12 फीट मार्ग बचता है. जिससे वाहनों के आवागमन के लिए मार्ग काफी सकरा हो जाता है.

## अतिक्रमण विरोधी मुहिम के बाद स्थिति हो जाती जस की तस

शहर में प्रशासन द्वारा कई बार अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई जाती हैं. लेकिन सतत कार्यवाही के अभाव में हर बार यह मुहिम बेअसर साबित हो रही है. प्रशासन की मुहिम बंद होते ही अतिक्रमणकारी फिर से अतिक्रमण करना शुरू कर देते हैं. जिससे चंद दिनों में स्थिति जस की तस हो जाती है. शहर में अतिक्रमणकारी प्रशासन की अतिक्रमण विरोधी मुहिम की जानकारी लगते ही अतिक्रमण हटा लेते हैं. तथा जैसे ही मुहिम बंद होती है, फिर से अतिक्रमण करना शुरू कर देते है. जिसे चंद दिनों में स्थिति ओर अधिक विकराल हो जाती है. लोगों का कहना है कि नगरपालिका का अतिक्रमण विरोधी अमला मुहिम के बाद भी सक्रिय रहकर फिर से अतिक्रमण करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही करें, तो नगरपालिका को एक ही जगह से बार-बार अतिक्रमण ना हटाना पड़े.

### *इनका कहना है –*

इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू का कहना है कि नगरपालिका द्वारा शहर में अतिक्रमण पर कार्यवाही की जा रही है. बीते दिनों नगरपालिका अमले द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र से अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई. वहीं नपा द्वारा शहर के सभी भागों में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जावेगी. इस दौरान सड़कों पर अतिक्रमण में रखे सामान, गुमठी, ठेलों को हटाया जावेगा. साथ ही अतिक्रमण में लगे टीन शेड को भी हटाया जावेगा. शहर में शासकीय भूमि से सभी तरह के अतिक्रमण को हटाया जावेगा.

# खेल मैदान, स्कूल भवन व मंडी भवन का किया निरीक्षण

**एसडीएम तहसीलदार ने की जांच प्रारंभ**

**खबर का हुआ असर**



नवभारत न्यूज

**पठारी 8 नवम्बर, क्षेत्र में लंबे समय से अधूरी विकास परियोजनाओं और तैयार भवनों के उपयोग में नहीं आने को लेकर उठ रहे सवालों के बाद अब प्रशासन हरकत में आ गया है. मीडिया में लगातार मामले उजागर होने पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने संज्ञान लेते हुए कुरवाई एसडीएम मनीष जैन और पठारी तहसीलदार अभिषेक पांडे को मौके पर जांच के निर्देश दिए.**

निर्देश मिलते ही दोनों अधिकारी शनिवार को कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, कृषि उपज मंडी भवन और अधूरे खेल मैदान का निरीक्षण करने पहुंचे.कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल भवन और कृषि उपज मंडी भवन दोनों ही निर्माण पूरा होने के बावजूद अब तक शुरू नहीं हो पाए हैं, जिससे लाखों रुपये की लागत से बने ये भवन बेकार पड़े हैं.वहीं खेल मैदान वर्षों से अधूरा है, जिसके कारण स्थानीय खिलाड़ियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.मीडिया में मुद्दा उठाए जाने के बाद इन स्थानों की वास्तविक स्थिति को देखने के लिए प्रशासन का यह निरीक्षण महत्वपूर्ण माना जा रहा है. अधिकारियों ने तीनों परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, आवश्यक सुधार, अधूरे कार्यों और आगे की जरूरतों का बारीकी से मूल्यांकन किया. अब सभी तीनों स्थानों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को भेजी जाएगी. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जांच के बाद इन परियोजनाओं को जल्द सुचारू किया गया तो क्षेत्र में शिक्षा, खेल और बाजार व्यवस्था को बड़ी राहत मिलेगी.

## आटो रिक्शा के लिए स्थाई स्टैंड की उठी मांग

नवभारत न्यूज

**सांची,** नगर में बढती आटो रिक्शा की संख्या से स्टेड न होने से आटोचालको को काफी परेशानी उठाना पडती हैं तथा आटो कहीं भी खडे होते है जिससे नागरिकों के साथ ही पर्यटकों को भी खासी परेशानी होती हैं पूर्व पार्षद रतनलाल जायसवाल ने सीएमओ नप को आवेदन देते हुए मांग की है कि आटोचालको की परेशानी एवं नागरिकों की परेशानी को देखते हुए नगर में आटोस्टैड सुनिश्चित किया जाये जिससे आटोरिक्शा एक निश्चित स्थान पर खडे हो सके.

## राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर हुआ समारोह

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** नगर के लिंक रोड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् पर 150 वीं वर्षगांठ पर विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंगों से सजा दिखा. और सारा वातावरण वन्दे मातरम् के जयघोष से गूंज उठा. इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण सामूहिक रूप से दिखाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं वन्दे मातरम् गान से हुआ. कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने कहा कि वन्दे मातरम हमारी राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है. जिसने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी. बीईओ उमेश सोनी ने सभी अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि यह अवसर राष्टभक्ति, एकता और संस्कारों का संदेश लेकर आया है. कार्यक्रम के अंत में एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने लोगों को संकल्प दिलाया. कार्यक्रम में एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा, जपं अध्यक्ष पुष्पा यादव, हमीर सिंह यादव, सीईओ आशीष अग्रवाल, बीआरसी जितेन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे.

### एक नजर में

#### पत्रकार राजेश जैन को पितृ शोक

नवभारत न्यूज



**गंजबासौदा,** वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन के पिता शिखर चंद जैन सेवानिवृत प्रधान अध्यापक का निधन हो गया. उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक मुक्तिधाम पहुंचे. गंजबासौदा पत्रकार संघ, व्यापार महासंघ द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई.

#### कांग्रेस की बैठक में एसआईआर को लेकर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरूवार को नगर के कांग्रेस पार्टी के बीएलए, सेक्टर अध्यक्ष व मंडलम अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई. जिसमें नगर कांग्रेस अध्यक्ष ईरशाद गौरी ने एसआईआर के बारे में विस्तार से जानकारी देकर लोगों को जागरुक करने का आग्रह किया. इस दौरान अरविंद नगीना, सुनील नगीना, असलम गौरी, शिवनारायण, परमसुख सेन, साकिब अली आदि मौजूद रहे.

#### चिड़ौरिया धाम की सुधरेंगी व्यवस्थाएं

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** चिरौडिया धाम में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले दिव्य दरबार में श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि के चलते माताओं-बहनों एवं श्रद्धालुओं को हो रही सुविधागत समस्याओं के समाधान हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी द्वारा स्थल निरीक्षण कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निम्न निर्देश व कार्य स्वीकृत किए गए.चलित शौचालय की उपलब्धता हेतु कलेक्टर के नाम से पत्र जारी किया गया.मुख्य मार्ग से मंदिर तक पहुँच मार्ग को सुधारने एवं निर्माण हेतु पंचम वित्त मद से राशि जारी की गई.नल-जल योजना को सुचारू करने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए.




## प्रतियोगिता में तीन वार्डों के 60 खिलाड़ी हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** नपा द्वारा शुक्रवार को सांसद खेल महोत्सव का वार्ड 1, 2 एवं 3 का शुभारंभ हाजीपुर स्कूल में किया गया. जिसमें वार्ड के लोगों के लिये खेल प्रतियोगिताऐं कराई गई. जिसमें रस्साकसी, लेवन रेस आदि खेल प्रतियोगिताऐं हुई. प्रतियोगिता में 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता स्थल पर खेलों के विजेताओं को नगरपालिका द्वारा पुरस्कृत किया गया. सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आगामी दिनों में नगर के सभी वार्डो में खेल प्रतियोगिताऐं आयोजित की जावेगी. कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को खेलों के प्रति जागरूक करना है. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे.

## समस्याओं का अंबार, नहीं हो रही सुनवाई



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, जय स्तंभ चौक से बेतोली रेलवे फाटक तक सड़क के ऊपर वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं.जिसका कारण दुकानदारों द्वारा सड़क तक अपनी दुकानों का समान रखना माना जा रहा है.मजबूरी में लोगों को अपने वाहन सड़क पर खड़ा कर दुकानों से सामान खरीदना पड़ता है इससे आवागमन में बहुत परेशानी आती है आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं.**

दुकानदार नियम कानून ताक पर रखकर अपनी दुकानों का समान सड़क तक फैला कर रखते हैं.उनका कहना रहता है, दिखेगा तो बिकेगा, मिनी स्मार्ट सिटी के तहत फोर लाइन सड़क का निर्माण कार्य तथा अन्य कार्य चल रहे हैं.उन्हें भी इन अतिक्रमणकारियों के कारण निर्माण कार्य में परेशानी आ रही है.प्रशासन की लापरवाही के चलते यह स्थिति बनी हुई है शहर की व्यवस्था सुधारने की दिशा में कोई ध्यान नहीं दे रहा है, सड़क पर जगह-जगह पानी रुका हुआ है खुदाई करके छोड़ दी गई.इसके चलते दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है.इसके साथ बरेठ उदयपुर रोड की भी यही हालत है यहां भी यातायात व्यवस्था बहुत बुरी है.इससे लोगों की परेशानियां बढ़ रही हैं.रोजाना इस रोड पर दुर्घटनाएं घटित होती है.भारी वाहनों का आना-जाना बड़ी मुश्किल से हो रहा है.




## सांसद खेल महोत्सव में सेक्टर बार प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज,** गूलरखेड़ी सेक्टर में सांसद खेल महोत्सव के दौरान विदिशा विधायक मुकेश टंडन की उपस्थिति में संपन्न हुआ.गूलरखेड़ी सेक्टर की ग्राम पंचायतों द्वारा आई टीमों के बीच प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विधायक सहित सभी अतिथियों ने भाग लिया.रस्सा खींच,चम्मच दौड़ ऐसे प्रतियोगिता कराई गई.इस मौके पर जनपद अध्यक्ष रजनी लोधी ,जनपद सीईओ जितेंद्र जैन, मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कांग,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी,जनपद सदस्य जगदीश दांगी,सचिन यादव,भाजपा नेता छत्रपाल शर्मा,सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी,निर्मल मोंगिया पीयूष शर्मा,सचिव जगदीश शर्मा,राकेश कांकरिया,राजेंद्र शर्मा,चंद्रकांत दांगी,जितेंद्र रघुवंशी साथ ही खेल शिक्षक गोपाल कुशवाह, शिक्षक एवं ग्रामीण आदि उपस्थित रहे.

# ट्राली पलटने से आधा दर्जन घायल



**तीन गंभीर घायल जिला चिकित्सालय रेफर**

**सिरोंज पथरिया रोड वेयरहाउस के पास का मामला**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, सिरोंज-पथरिया रोड पर वेयरहाउस के पास शनिवार को एक ट्राली के पलटने से करीब आधा दर्जन लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है. जिसके बाद घायलों को उपचार के लिये शासकीय अस्पताल लाया गया. जहां से तीन गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किये जाने की जानकारी मिली है.**

जानकारी के अनुसार एक ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से ग्रामीण एक तेरहवीं का कार्यक्रम करके ट्रेक्टर ट्राली में बैठकर ग्राम भटाटोरा से सिरोंज आ रहे थे. इस दौरान सिरोंज-पथरिया रोड पर वेयरहाउस के पास ट्राली पलट गई. जिससे ट्राली में रखा सामान सड़क पर बिखर गया. वहीं इस घटना में ट्रैक्टर ट्राली में बैठे कई लोगों को चोटें आई. जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने डायल 112 को मामले की सूचना दी. जिसपर उसके मौके पर पहुंचने पर घायलों को शासकीय अस्पताल सिरोंज लेकर आये. जहां पर घायलों का उपचार किया जा रहा है. वही घटना में गंभीर रूप से घायल हरनाम सिंह, भारत सिंह एवं संजीव को जिला अस्पताल विदिशा रैफर किया गया. मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की.

वही गुना-आरोन रोड पर टोल टैक्स से पहले एक मोटरसाइकिल चालक गाय से टकरा गया, जिससे वह घायल होकर सड़क पर पड़ा. हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई. जिसके बाद घायल युवक को अस्पताल पहुँचाया.

## 10 से 20 नवंबर के मध्य विद्यालय स्तर पर होंगी रक्तदान जागरुकता प्रतियोगिताएं

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** रक्त सेवा समिति ने विद्यालय स्तर पर रक्तदान जागरूकता हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित कीं. 10 नवंबर तक चलने वाली इन प्रतियोगिताओं में भाषण, क्विज़, निबंध (2500 शब्द), रंगोली, चित्रकला, पोस्टर मेकिंग आदि शामिल हैं.सभी कार्यक्रमों में समिति के बैनर को अनिवार्य रूप से लगाना और फोटो को ग्रुप में साझा करना आवश्यक है.समिति के संस्थापक राजेश तिवारी ने बताया कि हमारा उद्देश्य सिर्फ रक्तदान को बढ़ावा देने के साथ, युवा वर्ग में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करना है. इस वर्ष रजत जयंती वर्ष में 20 नवंबर तक सभी प्रतियोगिता आयोजित कर, सभी प्रतिभागियों की सूची समिति में जमा करनी है, और प्रथम/द्वितीय/तृतीय विजेताओं के नाम सार्वजनिक रूप से कार्यक्रम में सम्मान किये जाएंगे.

## सोमवार को एसएटीआई स्मार्ट क्लासरूम में होगी विकसित शहर परिकल्पना परिचर्चा

**विधायक, कलेक्टर की मौजूदगी में होगा मंथन**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** नगर के समग्र एवं सतत विकास को केंद्र में रखते हुए सावरकर बाल विहार कल्याण समिति द्वारा 10 नवंबर, सोमवार को दोपहर 3 बजे एसएटीआई कॉलेज के स्मार्ट क्लासरूम में विकसित शहर परिकल्पना परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है. समिति के अध्यक्ष सचिन तिवारी ने बताया कि परिचर्चा में प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संतुलन व ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, नशे के दुष्प्रभाव एवं रोकथाम, विकसित उद्यान व हरित क्षेत्र विस्तार, निर्मल जलङ्कनदी अभियान, स्वच्छता एवं जनभागीदारी, सोशल मीडिया व साइबर क्राइम जागरूकता, अवैध अतिक्रमण व पार्किंग प्रबंधन सहित नगर की प्रमुख समस्याओं पर व्यापक चर्चा की जाएगी.उन्होंने बताया कि शहर के सभी धार्मिक संस्थान, समाजसेवी संगठन एवं प्रशासनिकङ्कसुरक्षा अधिकारी इस परिचर्चा में सहभागी होंगे.इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा,समाजसेवी राकेश शर्मा तथा संबंधित विभागों के अधिकारी जिनमें मुख्य नपा अधिकारी दुर्गेश ठाकुर, यातायात प्रभारी आशीष राय एवं साइबर सेल अधिकारी शामिल रहेंगे.बाल विहार कल्याण समिति के अध्यक्ष सचिन तिवारी ने कहा कि इस पहल से विदिशा नगर के लिए व्यवस्था सुधार एवं भविष्य की विकास रूपरेखा तय करने में ठोस दिशा प्राप्त होगी.

## 11 को स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि पर होंगे अनेक कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** स्वतंत्रता सेनानी स्व. रघुवीर चरण शर्मा की पुण्यतिथि 11 नवम्बर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ट्रस्ट द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय गुरुवार को आयोजित ट्रस्ट की बैठक में लिया गया.बैठक में लिए गए निर्णयनुसार 11 नवम्बर को प्रात: 8 बजे माधव उद्यान में शर्मा जी की स्मृति मे पौधरोपण एवं उनके कृतित्व की पट्टीका का रोपण, प्रात: 9 बजे हिंदी भवन में पुष्पांजलि,दोपहर 2 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या भाषण प्रतियोगिता.कार्यक्रम के लिए ट्रस्ट की एक चार सदस्यों की उपसमिति मनोनीत की गई जिसके संयोजक अतुल तिवारी होंगे एवं सदस्य वीपी सिंह ,अरविंद श्रीवास्तव, प्रो असमुरारी नंदन मिश्र होंगे.समिति के मार्गदर्शक सेठ संजय जैन मनोनीत किये गये.

## अभिषेक बने विधानसभा अध्यक्ष, युवा कांग्रेस में नई टीम का गठन

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** म.प्र. युवा कांग्रेस के हाल ही में घोषित चुनाव परिणामों में सिरोंज-लटेरी विधानसभा से अभिषेक करोसिया को विधानसभा अध्यक्ष चुना गया. वहीं जनपद सदस्य प्रतिनिधि अतीक मंसूरी को प्रदेश सचिव, अनिरुद्ध यादव को ब्लॉक अध्यक्ष और शाहरुख खान को नगर अध्यक्ष निर्वाचित किया गया. जिससे क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला. छत्री नाका पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी जताई. इस अवसर पर शरद सहेले, तबरेज आलम, भैय्यू, शादाब खान, अनस, रवि, केशव आदि मौजूद रहे.




## शिव महापुराण के लिए कलश यात्रा आज

नवभारत न्यूज

**पठारी,** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित श्री शिव महापुराण ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है.जिसको लेकर आज रविवार को कलश यात्रा निकाली जा रही है.ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र प्रमुख शिवानी दीदी ने बताया कि रविवार 9 नवंबर से 15 नवंबर तक श्री शिव महापुराण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है.कथा का समय दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक रहेगा जिसकी कलश यात्रा रविवार सुबह 11 से निकली जा रही है। कलश यात्रा ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र से प्रारंभ होकर झंडा चौक होते हुए बस स्टैंड बड़ी माता मंदिर हरछठ माता मंदिर थाना परिसर होते हुए कथा प्रवचन स्थल पहुंचेगी. शिवानी दीदी ने नगर वासियों एवं क्षेत्र वासियों से अपील की है कि सभी लोग सुबह 11 बजे कलश यात्रा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेवें.




## पुस्तक विक्रेता संघ ने किया मिलन समारोह आयोजन

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** विद्याश्री लॉज में पुस्तक विक्रेता संघ द्वारा मिलन समारोह आयोजन आयोजित किया जिसमें अतिथि के रूप में व्यापार महासंघ के संरक्षक सत्यपाल तनवानी, निर्मल कुमार जैन, देवेंद्र वर्मा, अनिल अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष मनोज डागा वरिष्ठ व्यवसायी सुरेश अरोरा एवं संघ के वरिष्ठ सदस्य नेमा जी सहित व्यापार महासंघ के महामंत्री मुकेश अरोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय जैन, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभिकांत वर्मा ,कोषाध्यक्ष अशोक जैन , सदस्य सुरेश तनवानी, देवराज सिंह राजपूत, सावन अग्रवाल एवं मयंक टॉक मुख्य रूप से उपस्थित थे.कार्यक्रम को पुस्तक विक्रेता संघ के अध्यक्ष धीरज अरोरा ने आयोजन की रूप रेखा रखते हुए अपने संघ की विस्तार से जानकारी दी एवं आभार संघ के सचिव अनूप जैन ने व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संचालन शुभम राय ने किया.कार्यक्रम को संरक्षक देवेंद्र वर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष मनोज डागा ने संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किये अंत में पुस्तक विक्रेता संघ द्वारा सहभोज का कार्यक्रम रखा गया.इस मौके पर अतुल शर्मा अंकुश महलवार नवीन भंडारी नीलमणि शर्मा नेमा जी प्रवीण जैन संजीव भंडारी आकाश शर्मा राजेश शर्मा सुरेंद्र राजपूत आदि मौजूद रहे.

# महिलाओं को दिया सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण




नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सहकारी संस्था इफको द्वारा पंजाब नेशनल बैंक के कृषक प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं हेतु 15 दिवसीय सिलाई-कढ़ाई एवं ब्यूटीशियन कोर्स हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ डीके सोलंकी ने प्रतिभागी महिलाओं से आग्रह किया कि पूरी तन्मयता के साथ आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त करें.यह दोनों कोर्स काफी उपयोगी है एवं आपके दैनिक जीवन में काम आने वाला है, चाहे तो इन दोनों क्षेत्र में आप व्यावसायिक रूप से भी कार्य कर सकती हैं.इस अवसर पर संस्थान के निदेशक अजय सिंह परिहार ने सहयोग के लिए इफको का धन्यवाद किया.कार्यक्रम में जनपद सदस्य अंशुज शर्मा, इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक कुमार मनेन्द्र, प्रशिक्षिका अरुणा यादव, पूनम सिसोदिया सहित 40 महिला प्रतिभागी उपस्थित रहे.

### ग्राम सेऊ में हुई किसान सभा

सहकारी संस्था इफको द्वारा नैनो डीएपी आधारित बीज उपचार महा अभियान के अंतर्गत विदिशा जिले के नटेरन तहसील के सेऊ ग्राम में किसान सभा का आयोजन किया गया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ डीके सोलंकी ने अपने संबोधन में किसानों को बताया कि 5 मिली नैनो डीएपी प्रति किलोग्राम बीज की दर से एवं 10 मिली कंसोर्टियां प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें एवं जब फसल 30 से 35 दिन की हो जाए तो नैनो डीएपी 4 मिली एवं नैनो यूरिया प्लस 4 मिली प्रति लीटर पानी के हिसाब से एक साथ मिलाकर एक एकड़ में 500 मिली नैनो डीएपी एवं 500 मिली नैनो यूरिया प्लस का छिड़काव करें.इस प्रकार से किसान 50 प्रतिशत दानेदार डीएपी एवं यूरिया की बचत कर सकते हैं.कार्यक्रम में उपस्थित जनपद सदस्य अंशुज शर्मा,क्षेत्रीय प्रबंधक इफको विदिशा कुमार मनेन्द्र,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राघवेंद्र अहिरवार,सरपंच प्रतिनिधि विकेश मालवीय ने विचार व्यक्त किये.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो रेडियो
84 35 250 250



प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए